वी.यू. द्वारा छात्र हित में सराहनीय प्रयास

जबलपुर - वी.यू. द्वारा कोरोना वायरस के कारण उत्तपन्न हुई विषम परिस्थितियो में छात्र हित एवम् समाज हित में अनेक सराहनीय कार्य किए जा रहे है। वि.वि. के कुलपति माननीय डॉ. एस.पी. तिवारी जी के मार्गदर्शन में सभी महाविद्यालयों में छात्रों के वॉट्सएप ग्रुप बना के उसमे संबंधित शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन कक्षाओं की शुरआत की गई है, इसके साथ ही कोरोना से बचाव हेतु आवश्यक जानकारीयां भी छात्रों को भेजी जा रही हैं, ताकि छात्रों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों में कोरोना से बचाव हेतु जागरूकता अभियान में योगदान दिया जा सके। जो छात्र किन्हीं कारणों से घर नहीं जा सके है एवं हॉस्टल में रह गए हैं उनके लिए रहने एवं खाने - पीने का इंतजाम कॉलेज प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है। वायरस संक्रमण से बचाव हेतु कर्मचारियों को मास्क, दस्ताने एवम् सेनेटाइजर नःशुल्क वितरण किए जा रहे है। छात्रावास, डेयरी, फार्म एवं पशु चिकित्सालयों में सेनेटाजइजेशन कराने की प्रक्रिया जारी है ताकि कोरोना को फैलने से रोका जा सके। प्रांगण के सुरक्षा विभाग द्वारा किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रांगण में प्रवेश को पूर्ण रूप से वर्जित कर दिया है। माननीय कुलपति जी द्वारा समस्त सम्मानीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे छात्रों को कोरोना कवच नंबर और aarogya setu app डाउन लोड करने के लिए प्रोत्साहित करें।